हमारी जिम्मेदारी आपका सहयोग करेगा सपना साकार

## मेयर व पूर्व मेयर ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश, पौधरोपण भी किया

# आने वाली पीढ़ी को दें स्वच्छ, सुंदर और बीमारी मुक्त शहर का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर द्वारा शुक्रवार को शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान वर्तमान मेयर सुमन बहमनी व पूर्व मेयर मदन चौहान ने शहर के औद्योगिक क्षेत्र में झाड़ू लगाकर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। मौके पर मेयर व पूर्व मेयर ने पौधारोपण भी किया।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हमें जहां वातावरण को स्वच्छ रखना जरूरी है, वहीं पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक पौधा केवल एक वृक्ष नहीं होता है। बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव है।

उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ, सुंदर और बीमारी मुक्त शहर तोहफे में देने के प्रयास में नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता नगर निगम की जिम्मेदारी है, लेकिन यह तभी संभव है जब हर नागरिक इसमें अपनी भूमिका निभाए। अगर हम मिलकर प्रयास करेंगे तो स्वच्छता का सपना जरूर साकार होगा। साथ ही मेयर ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखने के साथ साथ अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल का संकल्प लें। पौधों को जिंदा रखना हर नागरिक का नैतिक दायित्व है।



यमुनानगर। औद्योगिक क्षेत्र में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान का शुभारंभ करतीं वर्तमान मेयर सुमन बहमनी व पूर्व मेयर मदन चौहान। फोटो : हरिभूमि

### सामूहिक जिम्मेदारी से ही बनेगी बात

पूर्व मेयर मदन चौहान ने कहा कि एक स्वच्छ और सुंदर शहर का निर्माण किसी एक व्यक्ति या संस्था के बूते संभव नहीं है। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जब तक आम जनता इस अभियान से नहीं जुड़ेगी। तब तक संकल्प को पूरी तरह साकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने अपील की कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को हर घर का अभियान बनाया जाए। ताकि एक स्वच्छ, हरित और विकसित यमुनानगर का निर्माण किया जा सके।

## जनसहभागिता से बदलेगी तस्वीरः दुर्गेश

### नगर निगम की टीम ने दड़वा व लेबर कालोनी में चलाया जागरूकता अभियान




यमुनानगर। दड़वा में घर-घर जाकर स्वच्छता एवं कचरा पृथक्करण के प्रति लोगों को जागरूक करती नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण2026 के तहत नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम एवं डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण एजेंसी द्वारा शहर के दड़वा व लेबर कॉलोनी में घर घर जाकर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान नागरिकों को स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण की जानकारी दी गई। मौके पर गीला, सूखा, घरेलू सैनिटरी और घरेलू खतरनाक कचरे को अलग अलग रखने के लिए प्रेरित किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन के विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम सबसे पहले दड़वा में पहुंची। वहीं, विशेषज्ञ आकाश कुमार की टीम ने लेबर कॉलोनी में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार ने बताया कि दोनों टीमों ने घर घर जाकर पंपलेट वितरित किए और नागरिकों को नियमित रूप से अलग अलग कचरा डोर.टू.डोर संग्रहण वाहन को देने की अपील की। अभियान के दौरान निगम की टीम ने लोगों को बताया कि घरों से निकलने वाले कचरे को सड़कों, खाली प्लॉटों या नालियों में न फेंकें। गीले और सूखे कचरे को घर पर ही अलग अलग करके डोर.टू.डोर कलेक्शन वाहन में दें। कचरे के पृथक्करण से उसका उचित निस्तारण, पुनर्चक्रण तथा वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन संभव हो पाता है।

इस दौरान निगम टीम ने नागरिकों को स्वच्छ भारत मिशन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अनुरूप कचरा पृथक्करण अपनाने का संदेश दिया।

## तरसेम बने श्रीटपकेश्वर महादेव सेवा दल यमुनानगर के प्रभारी

**यमुनानगर।** श्री टपकेश्वर महादेव सेवा दल द्वारा तरसेम मेहता को दल का यमुनानगर व लाडवा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी दल के महासचिव महेश खंडेलवाल ने दी। दल के महासचिव महेश खंडेलवाल ने बताया कि तरसेम मेहता की निष्ठा, सेवा भावना, संगठनात्मक क्षमता तथा श्री टपकेश्वर महादेव सेवा दल के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए इन्हें यमुनानगर व लाडवा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि तरसेम मेहता सेवा दल के समस्त कार्यों का सुचारु संचालन करेंगे और सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा तरसेम गर्ग संगठन को मजबूत करने व सदस्यों के मध्य समन्वय स्थापित करेंगे और संगठन के उद्देश्यों एवं मर्यादाओं का पालन करते हुए सेवा दल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। मौके पर नवनियुक्त सेवा दल के यमुनानगर व लाडवा प्रभारी तरसेम मेहता ने कहा कि दल के सदस्यों ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसे अपनी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे।



# एक्शन प्लान के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से करें पूराः आहूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तैयार किए गए एक्शन प्लान की प्रगति की समीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन जिला सचिवालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। बैठक में यमुना नदी व ड्रेनस में गंदे पानी की रोकथाम, वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए निर्धारित कार्य योजना के विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि एक्शन प्लान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किए जाए। वहीं, प्रदूषण नियंत्रण संबंधी गतिविधियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निकाय, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, परिवहन विभाग, कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से खुले में कचरा जलाने, निर्माण कार्यों से उत्पन्न धूल, औद्योगिक इकाइयों से होने वाले उत्सर्जन तथा पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि इस कार्य के लिए जिन विभागों ने अन्य विभागों से क्लीर्यनेंश लेनी है। उसे जल्द से जल्द लेकर कार्य शुरू करें। ताकि कार्य समय से पहले पूरा हो सकें। इसी प्रकार टैंडर प्रक्रिया को भी जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करें।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में एक्शन प्लान की प्रगति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते एडीसी नवीन आहूजा। फोटो : हरिभूमि

# आम नागरिक की समस्याओं का शीघ्र करें समाधान : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की शुक्रवार को जगाधरी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। इस दौरान बैठक में 15 परिवाद रखे गए। जिनमें से छह परिवादों का मौके पर निपटान कर दिया गया। जबकि नौ परिवादों को अगली बैठक के लिए लंबित कर दिया गया।

उपायुक्त प्रीति के समक्ष बैठक में परिवाद नंबर एक में प्रार्थी अनिल कुमार लवाना ने थाना छप्पर पुलिस को आरोपी मंजीत सिंह, सोनु, फौजी गगन व लखविन्द्र को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार करने व इंसाफ दिलाए जाने बारे दरखास्त दी थी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसलिए परिवाद संख्या एक को फाइल कर दिया गया। वहीं, परिवाद संख्या दो में राजेन्द्र कुमार देवधर ने फसल चोरी के मामलें में कोई कार्रवाई न करने के बारे में है। जिसकी जांच संबंधित एसडीएम द्वारा करने पर उक्त भूमि प्रदेश सरकार से संबंधित है। जिस पर दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद परिवाद संख्या 2 भी फाईल कर दिया गया। परिवाद संख्या 3 में शिकायतकर्ता विजयदीप सिंह ने बसंत नगर जगाधरी के पास एचएसवीपी की जमीन में अवैध कॉलोनी काटे जाने पर डीटीपी व नगर निगम द्वारा कार्रवाई करने बारे शिकायत पर एसडीएम जगाधरी ने अपना पक्ष रखा। जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। परिवाद संख्या. 4 में परविन्द्र सिंह फतेहपुर ने कैमिकल युक्त गंदा पानी लीक होने से फसल खराब होने बारे शिकायत की थी। जिसे संबंधित अधिकारियों ने शिकायत का निवारण कर दिया गया।




यमुनानगर। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवाद सुनतीं उपायुक्त प्रीति।



## पुलिस स्टेशन का नया भवन डेहा बस्ती में बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सैनी समाज रादौर के प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भेंटकर इलाके की समस्याओं को दूर करवाए जाने की मांग की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने किया।

समाज के प्रधान संदीप सैनी ने मुख्यमंत्री के समक्ष नगरपालिका रादौर की ओर से डेहा बस्ती से हटाए गए अवैध कब्जो को लेकर व इलाके की समस्याओं को लेकर चर्चा की। संदीप सैनी ने मुख्यमंत्री को नगरपालिका की अवैध कब्जे से मुक्त हुई भूमि पर नए थाने का निर्माण करवाए जाने की मांग रखी। जिस पर मुख्यमंत्री ने डेहा बस्ती में नया थाना बनवाने का आश्वासन दिया। संदीप सैनी ने बताया कि नगरपालिका की डेहा बस्ती में अवैध कब्जे हटवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि रादौर का पुराना पुलिस थाना का भवन ब्रिटिश काल से बना हुआ है। जो अब रादौर शहर के बीचो बीच मौजूद है। पुलिस को एसके रोड तक पहुंचने के लिए भीडभाड वाले बाजार से गुजरना पड़ता है। नगरपालिका की भूमि एसके रोड के पास है। जिससे लोगों को आसानी से पुलिस सहायता मिल सकेगी।

## एनएचआरसी के स्पेशल मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल ने की अफसरों संग बैठक

# मानवाधिकार आयोग गंभीर मामलों में स्वतः लेता है संज्ञान

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तीन महीने में करता है समस्याओं का निदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की गतिविधियों को लेकर जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें गोयल ने कहा कि भारत का एनएचआरसी विश्व का सबसे बड़ा आयोग है। यह पूर्ण रूप से पेपरलेस है और इसमें आनलाइन आवेदन कर सकते है। किसी भी वकील की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि एनएचआरसी की वेबसाइट पर पूरी जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि एनएचआरसी का उपयोग कर अपनी समस्याओं का निदान करवा सकते हैं। इसके साथ सभी राज्यों के आयोग भी जुड़े हैं। एनएचआरसी तीन महीने में समस्याओं का निदान करता है। उन्होंने बताया कि एक वेबसाइट पर पूरे भारत की शिकायतों को देखा जा सकता है। एनएचआरसी के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश होते हैं। संपूर्ण अवलोकन करना एनएचआरसी की कार्यप्रणाली का अहम हिस्सा है। सभी के अधिकारों की रक्षा करना हमारा दायित्व है। एनएचआरसी आर्टिकल 21 का संरक्षक है और मानव अधिकारों का उल्लंघन न हो यह आयोग की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि एनएचआरसी द्वारा अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जाते है। गंभीर मामलों पर एनएचआरसी स्वतः संज्ञान भी लेता है। उन्होंने बताया कि एनएचआरसी सर्विस मामले भी सुनता है। इस अवसर पर एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, डीएसपी रजत गुलिया, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार, जिला जेल अधीक्षक सत्येन्द्र कुमार, जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखमिंदर सिंह व जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल। फोटो : हरिभूमि

### मानवाधिकारों का न करें उल्लंघन

आयोग के स्पेशल मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल ने बताया कि हमें मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उचित स्थान और उचित ऊंचाई पर ही बिजली ट्रांसफार्मर रखें। ताकि कोई भी जन हानि आदि न हो। उन्होंने स्कूलों में जेजे एक्ट की कॉपी अवश्य रखने और उसके अनुसार कार्य करने के निर्देश भी दिए। नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षकों को सभी कार्यों पर बेहद संवेदनशीलता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार आयोग गंभीर मामलों में स्वतः संज्ञान लेता है और उसका समाधान कर समाज में अच्छा संदेश देता है।

## न्यूज डायरी



### एसआईआर को सफल बनाने में करें सहयोग

**यमुनानगर।** रेडक्रास समिति यमुनानगर द्वारा सोसायटी के भवन में स्वयंसेवी व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन को एसआईआर के बारे जागरूक किया गया। बैठक की अध्यक्षता रेडक्रास समिति के कार्यकारी सचिव संजीव धीमान ने की। समिति के कार्यवाहक सचिव संजीव धीमान ने बताया कि उपायुक्त एवं रेडक्रास समिति की प्रधान प्रीति के दिशानिर्देशानुसार सभी मतदाताओं को एसआईआर बारे सही जानकारी प्राप्त हो सके। मौके पर जिला निर्वाचन कार्यालय यमुनानगर के विशेषज्ञ विशाल व रजत ने सभी को एसआईआर की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा की स्वीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रत्येक पात्र नागरिक मतदान के महत्व को समझे, अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाए और मतदान के दिन अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करे। दिव्यांगजन एकता की प्रधान गुरप्रीत कौर ने रेडक्रास समिति की इस जनहित गतिविधि की सराहना की और अपने ग्रुप के सभी दिव्यांगजनों को इसकी जानकारी शीघ्र पहुंचाने का आश्वासन दिया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी शशि भूषण ने कहा कि सरकार की इस प्रक्रिया से सभी मतदाताओं के मताधिकार का सही प्रकार से पुनरीक्षण हो जाएगा। मौके पर पर्यावरण मित्र फाउंडेशन से चिराग सिंघल , समाज सेवी गुरदेव कुमार, स्माईल फाउंडेशन के प्रधान संजीव मेहता, अवेस्ता फाउंडेशन प्रधान नाज पटेल, एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन संस्था से कोमल ओबराय व वंदे भारत संस्था से विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।



### स्काउटिंग विद्यार्थियों के विकास का माध्यम

**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में हिमाचल के शिमला में स्थित तारा देवी प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस लौटे स्काउट शिक्षकों के लिए स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने की। मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे स्काउट अध्यापकों को फुलमालाएं पहनाकर और मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया गया। स्कूल के शारीरिक शिक्षा के अध्यापक हरीश कांबोज ने बताया कि हालहि में शिमला के तारादेवी प्रशिक्षण केंद्र में स्काउट अध्यापकों के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उनके स्कूल के हरीश चंद्र, संजय कुमार अलाहर, रोहतास रपड़ी, रमन कुमार खुर्दबन व गौरव रादौर ने शिविर में भाग लिया। जिसमें डीओसी संदीप गुप्ता व उनकी टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्काउटिंग के सिद्धांतों, अनुशासन, टीम वर्क, सेवा भावना, प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव कार्य तथा विभिन्न साहसिक गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि शिविर से वापस लौटने पर आज स्काउट प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों का स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर जोरदार स्वागत किया गया।



### यात्रा के दौरान अपनी सुरक्षा को लेकर रहें सतर्क

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की सेफसिटी टीम द्वारा महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे सेफ सिटी जागरुकता अभियान के तहत व्यासपुर के बस स्टैंड पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने बस स्टैंड पर बैठी महिलाओं पर छात्राओं को यात्रा करने के दौरान खासकर अकेले यात्रा करते हुए अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के लिए जागरुक किया। एएसआई नीलम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक यमुनानगर कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जिला में सेफ सिटी अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत व्यासपुर के बस स्टैंड पर कार्यक्रम आयोजित करके महिलाओं व छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान गई। उन्होंने मौके पर महिलाओं व छात्राओं को 112 एप के महत्व की जानकारी दी और उनके मोबाइल फोन में एप को डाउनलोड करवाया गया। एएसआई नीलम ने बताया कि 112 एप के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में केवल एक बटन दबाकर तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस एप के जरिए कॉल करने पर संबंधित व्यक्ति की लोकेशन स्वतः पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंच जाती है। जिससे समय पर मदद मिलना संभव हो पाता है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान विशेषकर अकेले सफर करते समय अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना आवश्यक है।



### ट्रांसवर्ड केरियर कंसलटेंट ने लगाई छबील

**रादौर।** ट्रांसवर्ड के फाउंडर निदेशक जनित नैय्यर व उनकी धर्मपत्नी मधु नैय्यर द्वारा कस्बा में मीठी ठंडी लस्सी की छबील लगाई गई। इस दौरान सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक छबील पर राहगिरों को रोक रोककर मीठी ठंडी लस्सी पिलाकर पुण्य कमाया गया। मौके पर राहगिरों को अन्य प्रसाद भी वितरित किया गया। ट्रांसवर्ड के फाउंडर निदेशक जतिन नैय्यर ने बताया कि छबील लगाने का मुख्य उदेश्य धार्मिक आस्था के साथ साथ लोगों को गर्मी से राहत प्रदान करना रहा। इस अवसर पर समाजसेवा और जनकल्याण का संदेश भी दिया गया। श्रद्धालुओं ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे पुण्य का कार्य बताया।



### गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने छबील लगा पिलाया जल

**रादौर।** बंदा सिंह बहादुर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से कस्बा की पंजाबी धर्मशाला के पास मीठे ठंडे जल की छबील लगाई गई। इस दौरान छबील पर दिन भर राहगिरों को ठंडा मीठा जल पिलाया गया। गुरूद्वारा प्रधान कोमल अरोड़ा के नेतृत्व में सदस्यों ने हजारों राहगिरों को मीठा जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई। उन्होंने बताया कि गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी की ओर से भीषण गर्मी की तपिश में राहगिरों की सेवा के लिए मीठे जल की छबील लगाई गई है। कमेटी द्वारा समय समय पर समाजसेवा से जुड़े कार्य कर मानव सेवा का कार्य किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### एडीए की परीक्षा 5 जुलाई को, 10620 देंगे परीक्षा

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि आगामी 5 जुलाई को हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा जिले के 38 परीक्षा केंद्रों पर एडीए की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 10620 परीक्षार्थी शामिल होंगे। अहम पहलू यह है कि इस एडीए की परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए 6 डयूटी मजिस्ट्रेट, डयूटीयब्यूटर-कम-फलाईंग स्क्वाड नियुक्त किए गए है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आज यहां जारी आदेशों में कहा है कि 5 जुलाई को हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा जिले के 38 परीक्षा केंद्रों पर एडीए की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 10620 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### जांच एवं माप शिविर में लाभार्थियों का चयन

**कुरुक्षेत्र।** जिला रैडक्रॉस सोसाइटी,जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र एवं एलिम्को के संयुक्त तत्वावधान में विश्राम कुमार मीणा, उपायुक्त एवं प्रधान जिला रैड क्रॉस शाखा कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में रैंड क्रॉस कार्यालय में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए कुरुक्षेत्र जिला में निशुल्क जांच एवं माप शिविर 22 से 26 जून आयोजित किए गए । शिविर में कुल 234 दिव्यांगजनों और 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की आंखों, कानों तथा अन्य आवश्यक जांच कर सहायक उपकरणों के लिए माप लिए गए। जिन्हें आगामी 2 माह के अंदर अंदर ही एलिम्को के माध्यम से आवश्यक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

### सन्निहित सरोवर में व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के सन्निहित सरोवर में शुक्रवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह सैर करने पहुंचे लोगों ने सरोवर में शव को तैरते देखा, जिसके बाद इसकी सूचना तुरंत सुभाष मंडी चौकी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सरोवर से बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जांच में शव करीब तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

### भाविप ने सरस्वती ड्रेन पर लगाई छबील

**पिहोवा।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर शहर में धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं तथा दानवीर लोगों द्वारा विभिन्न स्थानों पर छबीलें लगाई गईं। इस दौरान समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी संस्था भारत विकास परिषद ने सरस्वती ड्रेन पूल के समीप सहित नगर की अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थानों ने राहगीरों को ठंडा शरबत, जूस व शीतल पेय पदार्थ वितरित किए गए, वहीं कई स्थानों पर कुल्फी, जलजीरा एवं अन्य फलों का वितरण कर सेवा भाव के साथ पुण्य अर्जित किया गया। अलसुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। लोगों ने पानी से भरे घड़े, हाथ के पंखे व फल इत्यादि ब्राह्मणों को दान कर पुण्य कमाया।

## श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद की 10वीं बैठक में 12 एजेंडे बहुमत से पारित

# आयुष विवि में जल्द शुरू होगा बीएससी इन योग कोर्स अकादमिक परिषद की बैठक में मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान की अध्यक्षता में अकादमिक परिषद (एकेडमिक काउंसिल) की 10वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने परिषद के समक्ष 12 महत्वपूर्ण एजेंडे प्रस्तुत किए, जिन पर विस्तार से चर्चा के बाद बहुमत से पास किए गए। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, एक्शन टेकन रिपोर्ट, गृहिणियों के लिए तीन माह के 'स्वास्थ्य एवं योग' पाठ्यक्रम, बीएनवाईएस एवं डीएनवाईएस के



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद कुलपति कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान व अन्य।

पाठ्यक्रम एवं मानक, बीएएमएस के नए परीक्षा पैटर्न, डी-फामेर्सी (आयुर्वेद) एवं पंचकर्म सहायक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के संशोधित सिलेबस, हरियाणा में होम्योपैथिक फामेर्सी डिप्लोमा के पाठ्यक्रम एवं मानकों का मसौदा, विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों के साथ किए गए एमओयू, विश्वविद्यालय के कुलगीत तथा संशोधित विजन और मिशन सहित अन्य प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रशासनिक विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्वस्थवृत्त विभाग द्वारा गृहिणियों के लिए तीन माह का 'स्वास्थ्य एवं योग' पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। प्रतिदिन दो घंटे की कक्षाओं के माध्यम से गृहिणियों को आयुर्वेद, संतुलित आहार-विहार, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग, हरियाणा की मांग पर प्राकृतिक चिकित्सा का नया पाठ्यक्रम भी तैयार किया जा रहा है तथा विश्वविद्यालय में जल्द ही बीएससी इन योग पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि बीएएमएस का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग (एनसीआईएसएम) द्वारा निर्धारित किया जाता है, लेकिन यदि शिक्षकों को उसमें किसी प्रकार के सुधार की आवश्यकता महसूस होती है तो वे अपने सुझाव अकादमिक परिषद के समक्ष रखें, ताकि उन्हें संबंधित आयोग तक भेजा जा सके। उन्होंने बताया कि डी-फामेर्सी (आयुर्वेद) के पाठ्यक्रम में भी आवश्यक संशोधन किए गए हैं, जिन्हें स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा।

### विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को नई दिशा मिल रही

बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों के साथ किए गए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की भी समीक्षा की गई। कुलपति ने कहा कि इन एमओयू के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव के बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को नई दिशा मिल रही है। बैठक के समापन पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में विश्वविद्यालय के विकास से जुड़े नए एवं महत्वपूर्ण विषयों को पूरी तैयारी के साथ अकादमिक परिषद के समक्ष एजेंडा के रूप में लाया जाए, ताकि उन पर गहन चर्चा कर प्रभावी निर्णय लिए जा सकें। इसके पश्चात कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के सकारात्मक सहयोग और सौहार्दपूर्ण सहभागिता के कारण अकादमिक परिषद की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणधीर सिंह, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, परीक्षा नियंत्रक प्रो. हेतल दावे, हरियाणा के राज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्य कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुखबीर लाल, प्रो. जितेश पंडा, उप कुलसचिव अतुल गोयल, प्रो. सतीश वत्स, प्रो. आशु, प्रो. अमित कटारिया, प्रो. रविराज, प्रो. नीलम, प्रो. रविंद्र अरोड़ा, प्रो. राजेंद्र चौधरी, प्रो. सीमा रानी, प्रो. सचिन शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक कृषि का विशेष प्रशिक्षण शिविर

# आचार्य देवव्रत के मार्गदर्शन में प्राकृतिक कृषि मिशन को आगे बढ़ाएगी दीनबंधु फाउंडेशन

- माली से लेकर बड़े फॉर्म के मालिक भी पहुंचे प्रशिक्षण लेने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दीनबंधु फाउंडेशन ने प्राकृतिक कृषि मिशन को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेंद्र ढुल ने बताया कि संस्था गुजरात के राज्यपाल एवं प्रख्यात प्राकृतिक कृषि प्रेरक आचार्य देवव्रत के मार्गदर्शन में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य कर रही है।

हाल ही में गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण शिविर में दीनबंधु फाउंडेशन के पदाधिकारियों, किसानों, विद्यार्थियों एवं अन्य सामाजिक कार्यकतार्ओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में पद्मश्री डॉ. हरिओम ने प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों को प्राकृतिक कृषि की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों पर विस्तार से



कुरुक्षेत्र। माली से लेकर बड़े फॉर्म के मालिक भी पहुंचे प्रशिक्षण लेने

प्रकाश डालते हुए किसानों को रसायन मुक्त खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को महान किसान हितैषी नेता दीनबंधु सर छोटूराम द्वारा किसानों के कल्याण के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों एवं उनके आदर्श जीवन चरित्र से भी अवगत कराया गया।

वक्ताओं ने बताया कि सर छोटूराम ने किसानों के अधिकारों की रक्षा, ग्रामीण विकास तथा कृषि सुधारों के लिए जो योगदान दिया, वह आज भी किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार और जीवनशैली वर्तमान समय में भी किसान समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. शिवेंदु प्रताप सोलंकी ने भी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कृषि विविधीकरण, बागवानी, कृषि वानिकी तथा सागवान जैसे बहुउपयोगी वृक्षों की खेती के आर्थिक लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक कृषि के साथ वृक्ष आधारित खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके।

प्रशिक्षण शिविर की विशेष बात यह रही की एक किचन गार्डन माली मंगल यादव से लेकर कैथल जिले के बहुत बड़े कृषि फार्म के मलिक संजीत जुलानी खेड़ा भी अपने दोनों युवा बेटों के साथ इस शिविर में प्राकृतिक कृषि का प्रशिक्षण लेने के लिए पहुंचे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र स्थित प्राकृतिक कृषि फार्म का भ्रमण किया तथा वहां विकसित प्राकृतिक खेती की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। किसानों ने गुरुकुल की गोशाला का भी दौरा किया और देसी गाय आधारित प्राकृतिक कृषि मॉडल की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर किसानों ने प्राकृतिक कृषि के सफल प्रयोगों को निकट से समझा और उन्हें अपने खेतों में अपनाने का संकल्प लिया।

### प्राकृतिक कृषि रिसर्च सेंटर एवं ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी

सुरेंद्र ढुल ने बताया कि दीनबंधु फाउंडेशन के अंतर्गत शीघ्र ही तितरम क्षेत्र में प्राकृतिक कृषि रिसर्च सेंटर एवं ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। इस केंद्र के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती की नवीन तकनीकों, देसी गाय आधारित कृषि पद्धतियों तथा कम लागत में अधिक उत्पादन के उपायों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश में डीएपी सहित विभिन्न रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दीनबंधु फाउंडेशन प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन बनाने के लिए विशेष अभियान चलाएगी तथा किसानों को रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। सुरेंद्र ढुल ने प्रशिक्षण के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए प्राकृतिक खेती को किचन गार्डन से लेकर खेत तक शुरू करने का आह्वान किया और कहा कि 'फैमिली फार्मर पायलट प्रोजेक्ट' को प्राकृतिक खेती के संदर्भ में अपनाना चाहिए और आने वाले समय में फैमिली फार्मर स्कीम मील का पत्थर साबित होगी, जिससे गांव शहर और महानगरों में बसने वाले परिवारों को प्राकृतिक खाद्य उत्पाद आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाओं का दायित्व रामनिवास आर्य, गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने संभाला। प्रशिक्षण के समापन पर दीनबंधु फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेंद्र ढुल ने गुरुकुल प्रबंधन समिति, पद्मश्री डॉ. हरिओम, डॉ. शिवेंदु प्रताप सोलंकी, प्रशिक्षकों एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आचार्य देवव्रत के मार्गदर्शन में यह मिशन देशभर में प्राकृतिक कृषि के प्रचार-प्रसार, किसानों की आय वृद्धि तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## न्यूज डायरी

### प्रदेश प्रवक्ता गुलशन ग्रोवर का जन्मदिन मनाया



**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर का जन्मदिन पत्रकार साथियों द्वारा हर्षोल्लास एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि गुलशन कुमार ग्रोवर लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। इस अवसर पर गुलशन कुमार ग्रोवर ने सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया, मुख्य प्रदेश संरक्षक दलबीर मलिक, जिला प्रधान गुरदीप सिंह गुजराल, जिला महासचिव सुधीर कुमार, हरी दास, धर्म सिंह जोगनाखेड़ा, कुलवंत बग्गा, सुरेश कुमार शर्मा आदि रहे।

### सफाई कर्मचारियों के हित सर्वोपरि: रेखा रानी



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य रेखा रानी का शुक्रवार को कुरुक्षेत्र के पिपली परिसर में वाल्मीकि समाज एवं सफाई कर्मचारियों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने उन्हें फूल-मालाएं और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा आयोग में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेखा रानी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण की रक्षा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों एवं समाज के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि उनकी सभी जायज मांगों और मुद्दों को सरकार तथा संबंधित विभागों के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा।

### कश्यप भवन का 46वां स्थापना दिवस



**कुरुक्षेत्र।** कश्यप राजपूत भवन, कुरुक्षेत्र के 46वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 28 जून को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मैं उनके साथ वशिष्ठ अतिथि विधायक रामकुमार कश्यप, चेयरमैन सुभाष कलसाना,पूर्व मंत्री सुभाष सुधा और भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, खेल, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं और प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी कश्यप राजपूत भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कश्यप राजपूत सभा के प्रधान एडवोकेट राजबीर कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### नशा मुक्त भारत बनाने में युवा आए आगे : रमेश चौधरी

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय रैडक्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी एवं महासचिव डॉक्टर सुनील कुमार तथा उपायुक्त एवम प्रधान जिला रैडक्रॉस शाखा विश्राम कुमार मीणा के मार्ग दर्शन में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस का आयोजन रैडक्रॉस भवन कुरुक्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर रमेश चौधरी सचिव ने कहा कि आज के समय हमारे युवा नशे की तरफ दौड़ रहे हैं जोकि हमारे शारीरिक व मानसिक नुकसान पहुंचाता है। हम सब को मिलकर सांझे प्रयास करने होंगे ताकि हम नशे से ग्रसित लोगों को इस नरकीय जीवन से बाहर निकल सके। उन्होंने नशा न करने के लिए जागरूक किया । उन्होंने कहा कि नशे की शुरूआत का मुख्य तीन कारण है समाज, फैशन व तनाव है जो हमारे लिए अभिशाप है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी अंजू कश्यप ने भी युवाओं को सम्बोधन करते हुए नशा न करने करने की अपील क। कोई व्यक्ति अवैध रुप नशे की तस्करी करता है तो उसकीं सूचना प्रशासन को दे। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी अंजू, लिपिक ओम प्रकाश, स्टाफ के अन्य सदस्य व स्वयंसेवक भी उपस्थित थे।

### हजारों की संख्या में संगत ने भरी हाजिरी



**कुरुक्षेत्र।** मीरी पीरी के मालिक साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के पवित्र चरण स्पर्श अस्थान ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में प्रकाश उत्सव समागम का तीसरा दिन सम्पन्न हुआ। तीसरे दिन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी की संपूर्णता और दूसरी लड़ी के शुभारंभ पर हजारों की संख्या में संगत ने हाजरी भरी। संगत ने धन धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया और कई घंटों तक सेवा की। भीष्म गर्मी में जलजीरे, नींबू पानी और शरबत के स्टाल लगाए गए। इन स्टालों पर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं ने भी सेवा की।

### योग और बांसुरी से सजा कार्यक्रम

**थानेसर।** हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में शाहाबाद खंड के झांसा स्थित एम.एस. विद्यालय में शिक्षकों के लिए योग आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. मनीश कुकरेजा ने /"सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु/" भजन पर बांसुरी वादन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने अंग्रेजी वर्णमाला (एबीसी) के माध्यम से 26 यौगिक शब्दों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उनके साथ हरियाणा योग आयोग की टीम के सदस्य भीम सिंह, कर्मवीर सिंह और कुलविंदर सिंह ने भी प्रशिक्षण में सहयोग किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बारना गांव के दो बाल प्रतिभागियों सरस और गुरलीन द्वारा प्रस्तुत कलात्मक योगासन रहे, जिनकी प्रस्तुति पर शिक्षकों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया।

## विकास नगर में नहीं हुआ विकास सीवरेज व्यवस्था ठप, पार्क बना जोहड़



**कुरुक्षेत्र।** शहर की विकास नगर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से स्थानीय लोग परेशान हैं। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि वर्ष 1984 से कॉलोनी स्वीकृत होने के बावजूद आज तक यहां अपेक्षित विकास कार्य नहीं हुए। सीवरेज व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को गंदे पानी, बदबू और बीमारियों के खतरे के बीच जीवन बिताना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलोनी में सीवरेज निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है, जिससे घरों का गंदा पानी पार्क में जमा हो जाता है। लगातार पानी भराव के कारण पार्क पूरी तरह जोहड़ का रूप ले चुका है। पार्क के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि पानी के लगातार रिसाव से उनके मकानों में दरारें आने लगी हैं, जिससे उन्हें जान-माल की चिंता सताने लगी है। कॉलोनीवासियों के अनुसार वे अपनी समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों, उपायुक्त, नगर परिषद तथा जनप्रतिनिधियों से मिल चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। उनका कहना है कि वे नियमित रूप से सभी नगर निगम करों का भुगतान करते हैं, लेकिन बदले में उन्हें मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने कुवि कुलगुरु से की शिष्टाचार भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा से शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया संसद के सदस्य ली टार्लामिस व उनकी धर्मपत्नी चाउ हुआन तथा अभिमन्यु कुमार ने शुक्रवार को शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच उच्च शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास, सांस्कृतिक आदान प्रदान, सोलर व इंजीनियरिंग क्षेत्र तथा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक



परंपरा के प्रतीक भगवद्गीता और शंख भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने आस्ट्रेलिया प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि आज के वैश्विक परिवेश में अंतरराष्ट्रीय सहयोग शिक्षा और शोध के नए आयाम स्थापित कर रहा है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश के अग्रणी बहुविषयक शिक्षण संस्थानों में शामिल है और विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि नैक से ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्त कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ अकादमिक साझेदारी को निरंतर बढ़ावा दे रहा है।

## पानी एवं सीवरेज कनेक्शनों को करें तुरंत दुरुस्त

# पुराने कनेक्शन तोड़कर किया मौलिक अधिकारों का उल्लंघन : अंकित गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहर के हरगोबिंद नगर स्थित 50 फुटा रोड पर चल रहे पानी की पाइपलाइन कार्य के दौरान आम जनता को हो रही परेशानियों को लेकर ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने जनहित में आवाज उठाई है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने बताया कि 50 फुटा रोड, हरगोबिंद नगर में पानी की नई पाइपलाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। यह क्षेत्र शहर का प्रमुख क्षेत्र है, जहां से हजारों लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं तथा आसपास की कई गलियां आपस में जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन कार्य के दौरान सड़क की खुदाई जेसीबी मशीन द्वारा कर दी गई, और खुदाई के समय पहले से मौजूद पानी के कनेक्शन, सीवरेज लाइन एवं अन्य आवश्यक लाइनों का कोई ध्यान ना रखा गया और उन्हें जेसीबी से तोड़ दिया, गुप्ता ने कहा कि जनकार्यों को करते समय आम नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखना भी आवश्यक है। उन्होंने कई स्थानों पर पुराने कनेक्शन प्रभावित हुए हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### विकास कार्यों में सावधानी बरतने की अपील की

एडवोकेट गुप्ता ने कहा कि किसी भी नई व्यवस्था को शुरू करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पुरानी व्यवस्था प्रभावित न हो। यदि किसी पुराने कनेक्शन या लाइन को हटाना अथवा बदलना आवश्यक हो तो उसे सुरक्षित तरीके से शिफ्ट किया जाना चाहिए, और उसका यह तरीका होता है कि पहले नई लाइन को सुचारू रूप से टेस्ट और चालू किया जाता है और पुराने कनेक्शन चलते रहते हैं और फिर जब नया कनेक्शंस सही तरीके से चल जाए तब जो है पुराने कनेक्शन बंद किए जाते हैं ताकि आम जनता को पानी जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित न होना पड़े। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है, जिसमें आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी महत्वपूर्ण है। पानी जैसी आवश्यक सुविधा को बिना उचित व्यवस्था के प्रभावित करना आम नागरिकों के अधिकारों से जुड़ा विषय है। गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता, कुरुक्षेत्र को शिकायत देकर पूरे मामले की जांच करवाने, मौके का निरीक्षण करवाने, प्रभावित पानी एवं सीवरेज कनेक्शनों को तुरंत दुरुस्त करवाने तथा कार्य की गुणवत्ता एवं विभागीय निगरानी की जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है। ठेकेदार और संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हो तथा जनता को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। एडवोकेट गुप्ता ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई की जाए, सभी प्रभावित कनेक्शन बहाल करवाए जाएं, सड़क की स्थिति को ठीक करवाया जाए तथा यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदारी तय की जाए।

